भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 66

02 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

भारतीय सेना में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल किया जाना

66. श्री मद्दीला गुरूमूर्ति :
श्री कुरूवा गोरांतला माधव :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय सेना का देश भर के पीस स्टेशनों में सीमित संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को चरणबद्ध तरीके से शामिल करने का विचार है;

(ख) भारतीय सेना में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करने के लक्ष्य और उद्देश्य क्या-क्या हैं;

(ग) क्या चुनौतीपूर्ण भू-भागों और मौसम की विषम स्थितियों में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रचालन का मूल्यांकन करने के लिए कोई अध्ययन किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): जी, हां ।

(ख): नवीनतम प्रौद्योगिकीय प्रगति को अपनाने, हरित ऊर्जा पर जोर देने एवं जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने का लक्ष्य एवं उद्देश्य है । भारतीय सेना पीस स्टेशनों पर निम्नलिखित इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल कर रही है :-

(i) हल्के वाहन (इलेक्ट्रिक)
(ii) बसें (इलेक्ट्रिक)
(iii) मोटरसाइकिलें (इलेक्ट्रिक) ।

(ग) एवं (घ): कोई अध्ययन नहीं किया गया है ।

***